प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी
जनपद–बरेली।

पत्रांकः SPMU/NUHM/Ins Report/2019-20/12/ 2304 दिनांकः 14.6.2019

**विषयः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा किये गये भ्रमण के सम्बंध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 26 से 29 मई 2019 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था तथा भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु आवश्यक सुझाव दिये गये (भ्रमण आख्या संलग्न)।

आपको निर्देशित किया जाता है कि राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा पायी गयी कमियों का निराकरण कराते हुए अनुपानल आख्या 01 सप्ताह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक– यथोक्त।

भवदीय

(पंकज कुमार)
मिशन निदेशक

पत्र संख्याः SPMU/NUHM/Ins Report/2019-20/12/ तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
3. जिलाधिकारी, बरेली उत्तर प्रदेश।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बरेली मण्डल उत्तर प्रदेश।
5. समस्त महाप्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश।
6. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक / मण्डलीय अरबन हेल्थ कन्सलटेन्ट एन0एच0एम0 बरेली उत्तर प्रदेश।
7. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0 बरेली को इस निर्देश के साथ प्रेषित की आख्या का अनुपालन कराते हुए कृत कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(डा0 स्वप्ना दास)
महाप्रबंधक एन0यू0एच0एम0

# जनपद बरेली की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की भ्रमण आख्या

**भ्रमणकर्ता अधिकारी** :— श्री विनीत सिंह, सलाहकार, एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम., लखनऊ।
श्री राकेश वर्मा कार्यक्रम समन्वयक, एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम., लखनऊ।

**भ्रमण दिनांक** :— 26 से 29 मई, 2019

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मीरगंज**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर औसत ओ0पी0डी0 250 मरीज प्रतिदिन है। माह मई में चिकित्सालय में 132 प्रसव कराये गये थे।<br>• प्रसव कक्ष में प्रोटोकाल पोस्टर लगे थे। न्युबोर्न केयर कार्नर स्थापित था। | |
| • जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिया जाने वाला भोजन भर्ती लाभार्थियो को प्रसव पूर्व प्रदान नही किया जा रहा था। | • जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिया जाने वाला भोजन भर्ती लाभार्थियो को प्रसव पूर्व भी प्रदान किया जाय। |
| • चिकित्सालय में विटामिन के उपलब्ध नहीं था। | • विटामिन के की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • चिकित्सालय में एन0बी0एस0यू0 क्रियाशील नहीं है, जबकि एन0बी0एस0यू0 हेतु स्टाफ नर्स तैनात है। परन्तु उपकरण उपलब्ध न होने के कारण क्रियाशील नहीं है। | • एन0बी0एस0यू0 क्रियाशील किये जाने हेतु आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया |
| • बायोमेडिकल वेस्ट एवं हाउसकीपिंग हेतु एजेंसी द्वारा सेवा प्रदान की जा रही है। ओ0पी0डी0 के इन्जेक्शन काउन्टर पर हब कटर उपलब्ध नही था तथा बिना निडिल काटे सिंरिंज, रैपर, वायल इत्यादि एक ही बिन में रखा जा रहा था। कुछ सिरिंज फर्श पर पडी थी। उपस्थित फार्मासिस्ट द्वारा अवगत कराया गया कि उनके पास हब कटर उपलब्ध नहीं है। | • चिकित्सालय के समस्त अनुभागों में मानक के अनुसार बायोमेडिकल वेस्ट के segregation कराने का सुझाव प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया गया। |
| • वर्ष 2018–19 में उपकेन्द्र बल्लियॉ, गुलादिया, नन्द गॉव को अन्टाइड फण्ड तथा वी0एच0एस0एन0सी0 बीथम, धनेटा, दिऊसास, फिरोजपुर, गोरा, लभेडा दुर्ग, नौगवां एवं संजरपुर को अन्टाइड फण्ड की धनराशि आवंटित नहीं की गयी है। ब्लाक लेखा प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर उपकेन्द्र / वी0एच0एस0एन0सी0 रजिस्टर नहीं हो पाने के कारण धनराशि अवमुक्त नही की जा सकी। | • समस्त उपकेन्द्रों एवं वी0एच0एस0एन0सी0 के खातों में नियमानुसार अनटाइड फण्ड की धनराशि उपलब्ध कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • जे0एस0वाई0 के अन्तर्गत वर्ष 2018–19 के 173 लाभार्थियों का भुगतान लम्बित था जिसके सापेक्ष 52 लाभार्थियों को भुगतान किया गया है। | • जे0एस0वाई0 लाभार्थियों के लम्बित देय का भुगतान शीघ्र कराने का सुझाव दिया गया। |
| • चिकित्सालय में ए0एफ0एच0सी0 क्लीनिक स्थापित है तथा काउन्सलर तैनात है। क्लीनिक में उपलब्ध कम्प्यूटर था परन्तु प्रिंटर नहीं था। क्लीनिक मे वजन मशीन, हाईट स्केल, विजन चार्ट एवं बी0एम0आई0 चार्ट उपलब्ध नहीं था। काउन्सलर द्वारा अवगत कराया गया कि 14 के सापेक्ष 12 उपकेन्द्र पर ए0एच0डी0 का आयोजन किया जा चुका है। | • ए0एफ0एच0सी0 क्लीनिक में मानक के अनुसार आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराये जाने का सुझाव प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया गया । |

| | |
|---|---|
| • चिकित्सालय परिसर में आवासीय क्षेत्र की बाउन्ड्री टूटी हुई थी।<br>• चिकित्सालय परिसर में खडी 102 एम्बुलेंस UP41-G 2487 का पर्यवेक्षण किया गया। वाहन में रखा बी0पी0 उपकरण खराब था। | • चिकित्सालय परिसर में आवासीय क्षेत्र की टूटी बाउन्ड्री की मरम्मत नियमानुसार कराने का सुझाव दिया गया।<br>• राज्य स्तर से प्रेषित निर्देशो के अनुसार एम्बूलेंस की नियमित रूप जॉच कराने का सुझाव प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया गया । |

**राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम– धनेटा ( मीरगंज)**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • आगनबाडी केन्द्र धनेटा में आर0बी0एस0के0 की टीम उपस्थित थी तथा बच्चों का परीक्षण किया जा रहा था। केन्द्र पर 56 बच्चे पंजीकृत थे।<br>• टीम रजिस्टर अपूर्ण था। रजिस्टर में बच्चों के अभिभावक के Contact No का कालम भी नहीं भरा जा रहा था। | • रजिस्टर में समस्त सूचनाएं अंकित करने का सुझाव टीम को दिया गया। |

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फतेहगंज**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • चिकित्सालय में 130 प्रसव प्रतिमाह कराये जा रहे है। स्टाफ नर्स एस0बी0ए0 प्रशिक्षित थी। प्रसव कक्ष में प्रोटोकाल पोस्टर लगे है। न्यु बोर्न केयर कार्नर स्थापित है<br>• जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत भर्ती सभी लाभार्थियों को भोजन दिया जा रहा था। | |
| • वार्ड से अटैच शौचालय में ताला बंद था, पूछे जाने पर बताया गया कि शौचालय चोक होने के कारण ताला बंद किया गया है। वार्ड के बाहर स्थित अन्य शौचालय गंदा था तथा उसमें लगे दोनों वाश बेसिन में ड्रेनज पाइप नहीं था। | • वार्ड से अटैच शौचालय को ठीक कराने, वार्ड के बाहर स्थित अन्य शौचालय की सफाई कराने तथा उसमें लगे वाश बेसिन में ड्रेन पाइप लगवाने का सुझाव दिया गया। |
| • वार्ड में बिजली का स्वीच बोर्ड लटक रहा था तथा तार खुले हुए थे। | • चिकित्सालय के स्वीच बोर्ड एवं तारो को ठीक कराने का सुझाव दिया गया। |
| • चिकित्सालय में प्रसव पूर्व जॉच की जा रही थी परन्तु रजिस्टर में लैब से सम्बंधित जॉचों को अंकित नहीं किया जा रहा था। | • चिकित्सालय में प्रसव पूर्व जॉच हेतु आने वाले समस्त लाभार्थियों के लैब सम्बंधित जॉचों को रजिस्टर में अंकित कराने का सुझाव प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया गया। |
| • चिकित्सालय में 102/108 के रजिस्टर गाडी संख्या के अनुसार अलग अलग बनाये गये थे तथा रजिस्टर को एम्बुलेंस के कर्मचारियों द्वारा भरा जा रहा है। चिकित्सालय में DBR/PCR की प्रति एम्बंलेंस के कर्मचारियों द्वारा उपलध नहीं करायी जा रही थी । | • प्रत्येक गाडी सख्या के अनुसार अलग–अलग रजिस्टर न बना कर राज्य स्तर से प्रेषित दिशा निर्देशों के अनुसार रजिस्टर बनाये जाने का सुझाव दिया गय। यह भी सुझाव दिया गया कि रजिस्टर चिकित्सालय के स्टाफ द्वारा ही भरा जाय। DBR/PCR की एक प्रति चिकित्सालय पर रखी जाने का सुझाव दिया गया। |
| • चिकित्सालय परिसर में खडी 102 एम्बुलेंस UP25-AG 0466 एवं UP41-G 0271 का पर्यवेक्षण किया गया। वाहन में रखा बी0पी0 उपकरण खराब था तथा लिस्ट के अनुसार दवाईयॉ उपलब्ध नहीं थी। | • राज्य स्तर से प्रेषित निर्देशो के अनुसार एम्बूलेंस की नियमित रूप जॉच कराने का सुझाव प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया गया । |
| • चिकित्सालय में ए0एफ0एच0सी0 क्लीनिक स्थापित है तथा काउन्सलर तैनात है। क्लीनिक में कम्प्यूटर प्रिंटर एवं विजन चार्ट उपलब्ध नहीं था। | • ए0एफ0एच0सी0 क्लीनिक में मानक के अनुसार आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराये जाने का सुझाव प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया गया । |

| | |
|---|---|
| • ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा नियमित रूप से सहयोगात्मक पर्यवेक्षण नहीं किया जा रहा है उनके पास पूर्व में किये गये भ्रमण की कोई आख्या उपलब्ध नहीं है। | • ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक को राज्य स्तर से प्रेषित निर्देश के अनुसार नियमित रूप से सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करने एवं भ्रमण आख्या प्रभारी चिकित्साधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने का सुझाव दिया गया। |

**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिविल लाइन्स**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • स्वास्थ्य केन्द्र सरकारी भवन में संचालित है। साफ सफाई अच्छी थी। स्वास्थ्य केन्द्र पर पार्ट टाइम चिकित्सक तैनात है तथा उनके द्वारा सायं कालीन ओ0पी0डी की जा रही थी। सांय कालीन ओ0पी0डी0 औसतन 35–40 मरीज प्रतिदिन है। | |
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को Health & Wellness Centre के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है। इस हेतु ब्रांडिग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वेलनेस रूम की स्थापना एवं कम्प्युटर का क्रय कर लिया गया है, परन्तु कम्प्युटर की स्थापना नहीं की गयी है। | • Health & Wellness Centre के अन्तर्गत उपलब्ध कराये गये कम्प्युटर को शीघ्र स्थापित कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • चिकित्सालय में आवश्यक दवाईया उपलब्ध नहीं थी। | • चिकित्सालय में आवश्यक दवाईया उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। |
| • आक्सीजन सिलेण्डर उपलब्ध है परन्तु उसमें आक्सीजन नहीं थी। | • आक्सीजन सिलेण्डर को रिफिल कराने का सुझाव को दिया गया। |
| • चिकित्सालय में उपलब्ध इन्वरटर खराब था तथा चिकित्सक कक्ष के बाहर लाइट की व्यवस्था नहीं थी। | • चिकित्सालय में उपलब्ध इन्वरटर को अतिशीघ्र ठीक कराने तथा चिकित्सालय में लाइट की समुचित व्यवस्था कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • स्वास्थ्य केन्द्र पर नियत दिवस सेवाएं प्रदान की जा रही। | |

**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– पीर बहोरा**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • स्वास्थ्य केन्द्र किराये के भवन में संचालित है। साफ सफाई अच्छी थी। | |
| • चिकित्सालय में 01 चिकित्सक, 02 स्टाफ नर्स 01 एल0टी0 एवं सपोर्ट स्टाफ तैनात है। फार्मासिस्ट का पद रिक्त है। | |
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को Health & Wellness Centre के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है। इस हेतु ब्रांडिग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वेलनेस रूम चिन्हित कर लिया गया है परन्तु क्रियाशील नहीं है। कम्प्युटर का क्रय कर लिया गया है, परन्तु कम्प्युटर की स्थापना नहीं की गयी है। | • Health & Wellness Centre के अन्तर्गत उपलब्ध कराये गये कम्प्युटर को शीघ्र स्थापित कराये कराते हुए वेलनेश रूम को क्रियाशील कराया जाय। |
| • चिकित्सालय में आवश्यक दवाईया उपलब्ध नहीं थी। | • चिकित्सालय में आवश्यक दवाईया उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। |
| • एल0टी0 द्वारा आवश्यक जॉचे की जा रही थी। | |

| | |
|---|---|
| • रोगी कल्याण समिति का गठन किया जाना प्रक्रियाधीन है।<br>• चिकित्सालय में Oxygen cylinder, Fire extinguisher, Auto clave & IUCD Kit उपलब्ध नहीं है।<br>• स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रत्येक वृहस्पतिवार को नियत दिवस सेवाएं प्रदान की जा रही है | • रोगी कल्याण समिति के गठन शीघ्र कराया जाय।<br>• चिकित्सालय में राज्य स्तर से प्रेषित निर्देश के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराये जाने का सुझाव दिया गया। |

**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– बानखाना**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • स्वास्थ्य केन्द्र किराये के भवन में संचालित है। साफ सफाई अच्छी थी। केन्द्र प्रसव इकाई के रूप में चिन्हित है। स्वास्थ्य केन्द्र की औसत ओ0पी0डी0 100 मरीज प्रतिदिन है। केन्द्र पर पार्ट टाइम चिकित्सक द्वारा सायं कालीन ओ0पी0डी0 की जा रही थी। | |
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को Health & Wellness Centre के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है। इस हेतु ब्रांडिग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कम्प्युटर का क्रय कर लिया गया है, परन्तु कम्प्युटर की स्थापना नहीं की गयी है। वेलनेस रूम की स्थापना किया जाना शेष है। | • वेलनेस रूम चिन्हित करते हुए कम्प्युटर स्थापित कराये जाने का सुझाव प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया गया। |
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर बायोमेडिकल बेस्ट के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि बायोमेडिकल को जिला चिकित्सालय में भेजा जाता है।<br>• रोगी कल्याण समिति का गठन एवं खाता खोला गया है तथा बैठक आयोजित की जा रही है। | • मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय एवं नोडल अधिकारी से बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की उचित व्यवस्था कराये जाने का अनुरोध किया गया। |
| • चिकित्सालय में स्थापित लैब में रनिंग वाटर की व्यवस्था नहीं है।<br>• स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रत्येक वृहस्पतिवार को नियत दिवस सेवाएं प्रदान की जा रही है। | • लैब को अन्य कक्ष, जहॉ रनिंग वाटर की व्यवस्था हा, मे स्थानांनतरित करने या लैब में रनिंग वाटर की व्यवस्था कराने का सुझाव दिया गया। |

**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फरीदपुर–**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • स्वास्थ्य केन्द्र किराये के भवन में संचालित है। स्वास्थ्य केन्द पर माह मई में कुल 1296 मरीजो को स्वास्थ्य सुविधाये प्रदान की गयी। | |
| • स्वास्थ्य केन्द्र पर एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग हो रही है परन्तु रजिस्टर अपूर्ण था। | • केन्द्र पर उपलब्ध समस्त रजिस्टर अपडेट कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • स्वास्थ्य केन्द्र पर आटो क्लेव उपलब्ध नहीं था तथा माइक्रोस्कोप खराब था। | • आटोक्लेव उपलब्ध कराने तथा खराब रखे माइक्रोस्कोप को सही कराने का सुझाव दिया गया। |
| • 9 के सापेक्ष 7 आशाए कार्यरत है। स्टाफ द्वारा अवगत कराया गया कि 01 आशा की मृत्यु हो गयी था तथा 01 ने कार्य छोड दिया है। | • रिक्त आशाओं के स्थान पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए नवीन आशाओं का चयन कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया। |

| | |
|---|---|
| • प्रसव पूर्व जॉच स्टाफ नर्स द्वारा किया जा रहा था परन्तु जॉच से सम्बंधित सूचनाएं रजिस्टर में दर्ज नहीं की जा रही थी। | • प्रसव पूर्व जॉच कर रजिस्टर के समस्त कालम को पूर्ण रूप से भरा जाय। |

**जिला महिला चिकित्सालय बरेली–**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • चिकित्सालय में साफ सफाई अच्छी थी। प्रसव कक्ष में प्रोटोकाल पोस्टर लगे थे।<br>• एस0एन0सी0यू0 हेतु मानव संसाधन का चयन कर लिया गया है तथा यू0पी0एम0एस0सी0 के द्वारा फोटोथेरेपी एवं रेडिएण्ट वार्मर सप्लाई किये गये थे, परन्तु यू0पी0एम0एस0सी0 के पत्र दिनांक 01 मई 2019 के क्रम में उपकरण में तकनीकि त्रुटि होने के कारण उपयोग में नहीं लाया जा रहा है।<br>वर्तमान में एस0एन0सी0यू0 में चिकित्सालय में उपलब्ध पुराने उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। | • सम्बंधित उपकरणों के सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही/पत्राचार किये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • चिकित्सालय के एम0सी0एच0 विंग में उपलब्ध दोनो लिफ्ट खराब है। आई0सी0यू0 कक्ष में उपर से पानी टपकता है, जिसके कारण फाल्स सिलिंग गिर गयी है जिसके कारण कक्ष का उपयोग नहीं हो पा रहा है। | • एम0सी0एच0 विंग में खराब लिफ्ट एवं आई0सी0यू0 कक्ष के सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही/पत्राचार किये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गत वर्ष के 1130 लाभर्थियों के भुगतान हेतु धनराशि कमिट करायी गयी है जिसमें से 232 लाभार्थियों का भुगतान किया जा चुका है। | • जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लम्बित भुगतान शीघ्र कराये जाने का सुझाव दिया गया। |

**हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर– उपकेन्द्र हाफिज गंज**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • उपकेन्द्र पर हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर हेतु एक अलग कक्ष का निर्माण किया गया है। उपकेन्द्र की ब्राडिंग की जा चुकी है परन्तु अलग नये बनाये गये वेलनेस रूम पर ब्राडिंग नहीं की गयी है। | • अलग नये बनाये गये वेलनेस रूम पर भी ब्राडिंग कराये जाने का सुझाव दिया गया । |
| • भवन में बिजली का कनेक्शन नहीं है जिसके कारण रनिंग वाटर की व्यवस्था नहीं की गयी है। | • उपकेन्द्र पर विद्युत कनेक्शन कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया। |
| • वेलनेस रूम में निर्मित शौचालय पानी की व्यवस्था न होने के कारण प्रयोग में नहीं है।<br>• वेलनेस सेन्टर पर सी0एच0ओ0 तैनात है तथा उनके द्वारा मरीजो को देखा जा रहा था। वेलनेस सेन्टर औसतन ओ0पी0डी0 60 से 70 मरीज प्रतिदिन है। | • वेलनेस रूम में निर्मित शौचालय मे पानी की व्यवस्था कर शौचालय को क्रियाशील कराया जाय। |
| • केन्द्र पर बी0पी0 शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जॉच की जा रही है। | • उपकेन्द्र स्तर पर संचालित हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर हेतु निर्धारित समस्त जॉच कराये जाने का सुझाव दिया गया। |

| | |
|---|---|
| • सी0एच0आ0 द्वारा अवगत कराया गया कि उपकेन्द्र क्षेत्र में 11 आशाओं के सापेक्ष मात्र 3 द्वारा सी–बैक फार्म भरे जा रहे है। अब तक 350 फार्म भरे गये है।<br>• सी0एच0ओ0 को टेबलेट उपलब्ध करा दिये गये है तथा इन्टर नेट कनेक्शन उपलब्ध है। | • उपकेन्द्र क्षेत्र में सभी 11 आशाओं से सी–बैक फार्म भरवाये जाने का सुझाव दिया गया। |

**हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर– उपकेन्द्र सिथरा**

| पर्यवेक्षण के बिन्दु | की गई कार्यवाही |
|---|---|
| • उपकेन्द्र का भवन जर्जर हालत में है खिडकी दरवाजे नहीं है भवन का उपयोग नहीं किया जा रहा है। ए0एन0एम0 गॉव में ऑगनबाडी केन्द्र पर बैठती है। | • उक्त तथ्यों से मुख्य चिकित्साधिकारी को अवगत कराया गया। |
| • उपकेन्द्र के बगल में हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर हेतु एक अलग कक्ष का निर्माण किया गया है, परन्तु वेलनेस रूम पर ब्राडिंग नहीं की गयी है। | • अलग नये बनाये गये वेलनेस रूम पर ब्राडिंग कराये जाने का सुझाव दिया गया । |
| • भवन में बिजली का कनेक्शन नहीं है तथा पानी की व्यवस्था नहीं की गयी है। | • भवन में विद्युत कनेक्शन कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया। |
| • वेलनेस सेन्टर पर सी0एच0ओ0 तैनात है। वेलनेस सेन्टर औसतन ओ0पीडी0 15 से 20 मरीज प्रतिदिन है | |
| • सी0एच0ओ0 को टेबलेट उपलब्ध करा दिये गये है तथा इन्टरनेट कनेक्शन उपलब्ध है। | |
| • सी0एच0आ0 द्वारा अवगत कराया गया कि उपकेन्द्र क्षेत्र में कार्यरत 7 आशाओं द्वारा 2196 के सापेक्ष 1561 सी–बैक फार्म भरे गये है। | • 30 वर्ष से अधिक शेष व्यक्तियों के सी–बैक फार्म शीघ्र भरवाये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • केन्द्र पर केवल बी0पी0 की जॉच की जा रही थी, ग्लूकोमीटर था परन्तु स्ट्रीप नहीं थी। हीमोग्लोबिन की जॉच नहीं हो रही थी सी0एच0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि हीमोग्लोबिन जॉच हेतु उन्हे कोई प्रशिक्षण प्राप्त नहीं है। | • ग्लूकोमीटर की स्ट्रीप उपलब्ध करायी जाय तथा सी0एच0ओ0 को आवश्यक प्रशिक्षण कराया जाय तथा उपकेन्द्र स्तर पर संचालित हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर हेतु निर्धारित समस्त जॉच कराये जाने का सुझाव दिया गया। |

मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय के साथ बैठक कर भ्रमण के उपरोक्त बिंदुओं पर चर्चा की गयी तथा सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु अपने स्तर से सम्बंधित को निर्देशित किये जाने का अनुरोध किया गया ।

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी
जनपद–बरेली।

पत्रांकः SPMU/NUHM/Ins Report/2019-20/12/ दिनांकः 14.6.2019

**विषयः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा किये गये भ्रमण के सम्बंध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 26 से 29 मई 2019 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था तथा भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु आवश्यक सुझाव दिये गये (भ्रमण आख्या संलग्न)।

आपको निर्देशित किया जाता है कि राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा पायी गयी कमियों का निराकरण कराते हुए अनुपानल आख्या 01 सप्ताह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक– यथोक्त।

भवदीय

(पंकज कुमार)
मिशन निदेशक

पत्र संख्याः SPMU/NUHM/Ins Report/2019-20/12/ 2304(7) तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
3. जिलाधिकारी, बरेली उत्तर प्रदेश।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बरेली मण्डल उत्तर प्रदेश।
5. समस्त महाप्रंबधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश।
6. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक / मण्डलीय अरबन हेल्थ कन्सलटेन्ट एन0एच0एम0 बरेली उत्तर प्रदेश।
7. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0 बरेली को इस निर्देश के साथ प्रेषित की आख्या का अनुपालन कराते हुए कृत कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(डा0 स्वप्ना दास)
महाप्रबंधक एन0यू0एच0एम0